भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 976

जिसका उत्तर शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026/2 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है।

हरियाणा में उर्वरक की उपलब्धता

976. श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले दस वर्षों के दौरान हरियाणा में डीएपी और यूरिया की आवश्यकता, आवंटन, आपूर्ति और उपयोग का जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का यह मानना है कि हरियाणा को आपूर्ति की गई मात्रा वहां के किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो कम आपूर्ति के क्या कारण हैं और राज्य में किसानों को डीएपी और यूरिया की समय पर तथा पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं;
(घ) पिछले दस वर्षों के दौरान डीएपी और यूरिया के आयात का प्रत्येक देश से आयात की गई मात्रा सहित देश-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(ड.) आयात पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से डीएपी और यूरिया के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

रसायन एवं उर्वरक तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री
(श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) से (ग): हरियाणा सहित देश में उर्वरकों की समय पर और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा प्रत्येक मौसम में निम्नलिखित कदम उठाए जाते हैं:

i. प्रत्येक फसल मौसम के शुरू होने से पहले, कृषि और किसान कल्याण विभाग (डीए एंड एफडब्ल्यू), सभी राज्य सरकारों के परामर्श से, उर्वरकों की राज्य-वार और माह-वार आवश्यकता का आकलन करता है।

ii. कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अनुमानित आवश्यकता के आधार पर, उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करके राज्यों को उर्वरक पर्याप्त मात्रा में आवंटित करता है और उपलब्धता की लगातार निगरानी करता है।

iii. देश भर में सभी प्रमुख सब्सिडी प्राप्त उर्वरकों के संचलन की निगरानी एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) नामक एक ऑनलाइन वेब आधारित निगरानी प्रणाली द्वारा की जाती है)।

iv. कृषि एवं किसान कल्याण विभाग और उर्वरक विभाग द्वारा राज्य कृषि अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से नियमित साप्ताहिक वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाती है और राज्य सरकारों द्वारा दिए गए संकेत के अनुसार उर्वरकों के प्रेषण के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है.

इसके अतिरिक्त, राज्य के भीतर जिला स्तर पर उर्वरकों का वितरण संबंधित राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। तदनुसार, हरियाणा राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 10 वर्षों के दौरान हरियाणा के विभिन्न जिलों में यूरिया एवं डीएपी की आवश्यकता, प्राप्ति तथा बिक्री से संबंधित जानकारी **अनुलग्नक-क** में दी गई है।

इसके अलावा, चालू खरीफ मौसम 2026 के दौरान हरियाणा राज्य में यूरिया और डीएपी की उपलब्धता पर्याप्त रही है, जैसा कि नीचे दिखाया गया है:

हरियाणा					
चालू खरीफ मौसम 2026 (01.04.26 से 21.07.26 तक) के दौरान उर्वरकों की उपलब्धता					
					आँकड़े एलएमटी में
क्रं. सं	**उत्पाद**	**आवश्यकता**	**उपलब्धता**	**डीबीटी बिक्री**	**दिनांक 21.07.26 के अनुसार अंतिम स्टॉक**
1	**यूरिया**	6.05	9.52	7.31	2.21
2	**डीएपी**	1.25	1.61	1.17	0.44
3	**एमओपी**	0.39	0.38	0.13	0.25
4	**एनपीकेएस**	0.30	0.42	0.16	0.26

1. सजह उपलब्धता का प्राथमिक संकेतक: उपलब्धता > आवश्यकता
2. सहज उपलब्धता का द्वितीयक संकेतक: उपलब्धता > बिक्री

(घ): गत 10 वर्षों तथा चालू वित्तीय वर्ष के जून माह तक यूरिया एवं डीएपी के आयात का देशवार विवरण, **अनुलग्नक-ख** में दिया गया है।

(ङ): सरकार ने फॉस्फेटयुक्त एवं पोटाशयुक्त (पीएंडके) उर्वरकों के लिए 1 अप्रैल, 2010 से पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) स्कीम लागू की है। इस योजना के अंतर्गत पीएंडके उर्वरकों को मुक्त सामान्य लाइसेंस (ओजीएल) के अंतर्गत रखा गया है, जिसके तहत कंपनियाँ अपनी व्यावसायिक आवश्यकताओं एवं बाजार की परिस्थितियों के अनुरूप इन उर्वरकों का आयात अथवा उत्पादन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

आयातित फॉस्फेटयुक्त एवं पोटाशयुक्त उर्वरकों पर निर्भरता कम करने तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु अनेक उपाय किए गए हैं। 18 जनवरी, 2024 को जारी अधिकतम खुदरा मूल्य की युक्तिसंगतता संबंधी दिशानिर्देशों में आयातकों/उत्पादकों के लिए 8–10 प्रतिशत तथा एकीकृत उत्पादकों के लिए 12 प्रतिशत का युक्तिसंगत लाभ मार्जिन निर्धारित किया गया है। प्राप्त अनुरोधों के आधार पर, नई उत्पादन इकाइयों तथा विद्यमान इकाइयों की उत्पादन क्षमता के विस्तार को पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी स्कीम के अंतर्गत मान्यता प्रदान करते हुए अभिलेख में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, इस स्कीम के अंतर्गत शामिल फॉस्फेटयुक्त एवं पोटाशयुक्त उर्वरकों के ग्रेडों की संख्या वर्ष 2021 में 22 से बढ़कर वर्तमान में 28 हो गई है। स्वदेश में निर्मित सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी) उर्वरक के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए खरीफ मौसम 2022 से मालभाड़ा सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिससे मृदा में फॉस्फेट (पी) पोषक तत्त्वों के उपयोग को बढ़ावा मिला है। इसके अतिरिक्त, पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) स्कीम के अंतर्गत उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पोषक तत्त्व-वार सब्सिडी दरों का अर्द्धवार्षिक आधार पर पुनरीक्षण किया जाता है।

यूरिया के संबंध में, सरकार ने यूरिया क्षेत्र में नए निवेश को प्रोत्साहित करने तथा भारत को यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 2 जनवरी, 2013 को नई निवेश नीति (एनआईपी), 2012 तथा 7 अक्टूबर, 2014 को उसका संशोधन अधिसूचित किया। एनआईपी-2012 के अंतर्गत कुल 6 नई यूरिया इकाइयाँ स्थापित की गई हैं, जिनमें नामित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के संयुक्त उद्यम (जेवीसी) के माध्यम से स्थापित 4 इकाइयाँ तथा निजी कंपनियों द्वारा स्थापित 2 इकाइयाँ शामिल हैं। संयुक्त उद्यम के माध्यम से स्थापित इकाइयों में तेलंगाना स्थित रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) की रामागुंडम यूरिया इकाई तथा हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) की तीन यूरिया इकाइयां उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, झारखंड के सिंदरी तथा बिहार के बरौनी शामिल हैं। निजी कंपनियों द्वारा स्थापित इकाइयों में पश्चिम बंगाल स्थित मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (मैटिक्स) की पानागढ़ यूरिया इकाई तथा राजस्थान स्थित चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (सीएफसीएल) की गड़ेपान-III यूरिया इकाई शामिल हैं। इन सभी इकाइयों की स्थापित उत्पादन क्षमता 12.7 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एलएमटीपीए) है। नवीनतम प्रौद्योगिकी पर आधारित होने के कारण ये सभी इकाइयाँ अत्यधिक ऊर्जा दक्ष हैं। परिणामस्वरूप, इन इकाइयों के माध्यम से कुल 76.2 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त यूरिया उत्पादन क्षमता सृजित हुई है, जिससे देश की कुल स्वदेशी यूरिया उत्पादन क्षमता (पुनर्मूल्यांकित क्षमता –आरएसी) वर्ष 2014-15 के 207.54 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष से बढ़कर वर्ष 2026-27 में 269.42 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष हो गई है। इसके अतिरिक्त, नामित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संयुक्त उद्यम तालचेर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के माध्यम से फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एफसीआईएल) की तालचेर इकाई के पुनरुद्धार के लिए कोयला गैसीकरण आधारित 12.7 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष क्षमता के एक नए ग्रीनफील्ड यूरिया संयंत्र की स्थापना संबंधी विशेष नीति को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा, असम स्थित ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल) के वर्तमान परिसर में संयुक्त उद्यम के माध्यम से असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड (एवीएफसीसीएल) नामक 12.7 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष क्षमता वाले नए ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया परिसर की स्थापना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। ये दोनों परियोजनाएँ वर्तमान में कार्यान्वयन चरण में हैं।

इसके अतिरिक्त, सरकार ने विद्यमान 25 गैस-आधारित यूरिया इकाइयों के लिए 25 मई, 2015 को नई यूरिया नीति (एनयूपी), 2015 अधिसूचित की, जिसका एक प्रमुख उद्देश्य स्वदेशी यूरिया उत्पादन को पुनर्मूल्यांकित क्षमता (आरएसी) से बढ़ाकर अधिकतम करना था। एनयूपी-2015 के परिणामस्वरूप वर्ष 2014-15 के उत्पादन की तुलना में प्रतिवर्ष 20 से 25 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) अतिरिक्त यूरिया का उत्पादन सुनिश्चित हुआ है।

उपरोक्त प्रयासों ने यूरिया उत्पादन को 2014-15 के दौरान रहे 225 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष के स्तर से बढ़ाकर 2023-24 के दौरान 314.07 लाख मीट्रिक टन के रिकॉर्ड यूरिया उत्पादन तक पहुंचाने में मदद की है। 2025-26 के दौरान देश में 293.30 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन हुआ।

इसके अतिरिक्त, दिनांक 15.07.2026 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने यूरिया क्षेत्र में नए निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर भारत हेतु राष्ट्रीय यूरिया निवेश नीति-2026 (एनआईपीयू-2026) को अनुमोदित किया।

इसके अतिरिक्त, हरियाणा राज्य सरकार द्वारा अवगत कराया गया है कि राज्य के कृषि विभाग ने उर्वरकों के विवेकपूर्ण एवं संतुलित उपयोग को बढ़ावा दिया है। विभाग द्वारा राज्यभर में विशेष जागरूकता अभियान, खेत बचाओ अभियान तथा धरती माता बचाओ अभियान सहित अनेक जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए हैं। इन अभियानों के माध्यम से किसानों को पोषक तत्त्वों के संतुलित उपयोग, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन तथा रासायनिक उर्वरकों के दक्षतापूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक किया गया है, जिससे राज्य में सतत कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहन मिला है।

****

अनुलग्नक-क

यह अनुलग्नक 24.07.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं.976 के उत्तर के भाग (क) से (ग) तक से संबंधित है।

(IFMS पोर्टल के अनुसार) ज़िले और सीज़न के हिसाब से बिक्री और उपलब्धता

उत्पाद समूह	राज्य	जिला	2016-17			2017-18			2018-19			2019-20			2020-21		
			आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री
1	2	3	4	5	6	4	5	6	4	5	6	4	5	6	4	5	6
यूरिया	हरियाणा	अम्बाला	48459	61986	60666	59020	78348	76274	67406	79478	78895	75557	80140	77874	66788	84505	83824
		भिवानी	74238	94182	89621	85854	107177	102710	100714	116613	113532	105415	124096	119833	83013	113833	106877
		फरीदाबाद	7088	9134	8937	8124	12675	12574	11204	13076	12915	10137	12047	11827	8435	12186	11710
		फतेहाबाद	90091	135652	115132	116374	154574	145258	147809	161776	155980	127872	146134	141900	136774	167896	163298
		गुडगाँव	14004	15771	14684	17785	20033	18617	16463	18674	18589	16449	17509	17423	14966	17417	16719
		हिसार	84570	165929	133244	85874	158894	145153	120192	150508	145812	106405	152861	148214	109332	155152	149159
		झज्जर	27843	42317	39778	29658	43029	41450	39672	46118	45433	39433	48398	47109	37232	44121	44018
		जींद	103676	152133	137179	127043	179203	173104	143425	176218	171047	132283	171050	161328	147063	193422	184779
		कैथल	90085	135256	122282	112229	162596	150257	126305	159422	155239	133560	153480	149127	129636	169489	159971
		करनाल	124974	187635	158108	131320	217328	199054	167140	207722	194716	154565	183263	171962	162816	194951	190042
		कुरूक्षेत्र	94259	127653	108522	111729	147595	133717	140267	154863	144503	119501	134281	128406	133016	148664	146781
		महेंद्रगढ	51225	56252	54919	47952	53554	51152	51407	55544	55544	52777	57835	57809	40884	47068	45447
		मेवात	31315	34825	33228	33569	36122	35742	31486	33223	33072	34188	36291	35661	24791	29548	27634
		पलवल	94228	117015	110857	79174	100079	98037	91993	107411	102859	73172	87733	85383	57431	71282	67969
		पंचकुला	8090	9275	9106	9716	11657	11607	10244	12183	12183	12457	13386	12871	10072	13407	13328
		पानीपत	56048	74282	72228	67085	94024	87463	73264	89040	86675	74126	81451	78950	72132	81044	77440
		रेवाड़ी	49797	57085	50832	56162	56477	53379	56783	56690	56468	60436	59674	56431	52378	51580	50378
		रोहतक	41615	64572	56485	51602	68657	64386	60958	79202	76216	57934	75355	73672	60781	73737	71906
		सिरसा	142166	210275	183315	170591	221029	205789	193449	230922	223887	188494	219249	207230	192619	231158	225889
		सोनीपत	89495	117492	111167	94860	128978	121784	115283	138988	133126	103351	122349	117929	107325	126903	123514
		यमुनानगर	93704	128711	122582	109736	137451	134578	124720	145734	141521	115874	130725	129432	122256	137124	133601
		कुल	1416966	1997433	1792871	1605458	2189477	2062082	1890185	2233404	2158213	1793985	2107306	2030373	1769737	2164487	2094284

उत्पाद समूह	राज्य	जिला	2021-22			2022-23			2023-24			2024-25			2025-26		
			आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री
1	2	3	4	5	6	4	5	6	4	5	6	4	5	6	4	5	6
यूरिया	हरियाणा	अम्बाला	69076	85183	85183	77621	82736	77873	88408	97350	87368	79223	89807	62655	82331	99362	97073
		भिवानी	87011	111092	105781	91225	110168	103767	70480	83532	82990	71165	78356	44502	64257	77558	74519
		चौ.दादरी	0	0	0	1044	1104	790	20982	23447	22714	23890	26237	17796	25073	30015	28400
		फरीदाबाद	10031	13027	12766	11954	14587	13885	12587	13507	14091	14226	15656	9459	14918	17276	15228
		फतेहाबाद	134400	166468	165156	146332	165965	150922	152256	173889	173664	144858	176957	108889	146570	182384	184019
		गुडगाँव	15317	17485	17485	17216	18475	18033	17954	18996	19473	20532	22164	14825	21356	24194	24292
		हिसार	125685	146734	146546	128199	148600	142735	123311	149181	152335	139054	157038	94035	129675	168092	166001
		झज्जर	35240	43732	41880	40686	44627	45160	41341	45784	43516	48071	54426	32383	41713	55441	53505
		जींद	145569	176240	173039	153658	181543	158801	165482	177511	180415	163986	189756	110318	156902	199643	189875
		कैथल	147478	167304	164244	149460	175318	154378	163114	186264	186763	164163	187266	107437	149493	185964	178518
		करनाल	163344	192373	186722	174251	198432	182243	177869	198907	202635	180985	202506	131380	171826	205323	205538
		कुरूक्षेत्र	138024	156539	154742	135411	146528	140431	139726	148887	148773	126424	134963	92679	136466	152791	150045
		महेंद्रगढ	41064	47097	47097	52893	55931	52151	50480	53575	52259	54768	59543	34716	51677	61039	58115
		मेवात	28055	32467	31531	30150	34660	33829	27124	28506	31168	30796	33798	22703	34162	37402	38329
		पलवल	57583	66571	65428	66332	76407	71304	67395	70001	69585	70405	76161	49250	70711	76363	76417
		पंचकुला	10190	13341	13341	11035	13034	13924	13365	15211	16541	14056	15740	10934	11356	14666	15809
		पानीपत	72289	80484	78692	78215	85953	79962	82561	90946	86053	81882	88315	59330	88996	103070	95329
		रेवाड़ी	41240	47363	47309	64534	67136	58208	55879	59162	58665	64099	68647	43506	69259	78339	71110
		रोहतक	68933	81844	76711	82975	92438	85820	82234	95457	90508	87923	99663	60356	86795	119612	104602
		सिरसा	186000	224433	218626	178385	210631	200298	184401	210727	211337	189946	223537	141370	181621	233309	236820
		सोनीपत	105411	123498	123496	121263	131857	123968	129939	140302	139083	121524	139236	79382	119660	142972	130915
		यमुनानगर	129461	163721	160125	94929	106892	125018	87760	114460	100952	134240	155316	78861	94935	125576	125115
		कुल	1811400	2156997	2115900	1907767	2163021	2033500	1954649	2195603	2170892	2026216	2295087	1406766	1949751	2390392	2319574

अनुलग्नक-ख

यह अनुलग्नक 24.07.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.976 के उत्तर के भाग (घ) से संबंधित है।

पिछले 10 वर्षों 2016-17 से 2026-27 (जून -26 तक) के लिए यूरिया और डीएपी का देशवार आयात

<आंकड़े लाख मीट्रिक टन में)

देश का नाम	2016-17		2017-18		2018-19		2019-20		2020-21		2021-22		2022-23		2023-24		2024-25		2025-26		2026-27 (जून-26 तक)	
	यूरिया	डीएपी	यूरिया	डीएपी	यूरिया	डीएपी	यूरिया	डीएपी	यूरिया	डीएपी	यूरिया	डीएपी	यूरिया	डीएपी	यूरिया	डीएपी	यूरिया	डीएपी	यूरिया	डीएपी	यूरिया	डीएपी
अल्जीरिया	0.45	-	-	-	3.03		1.48	-	0.44		1.72	-	3.07		0.35				2.17	0.26	2.45	0.45
ऑस्ट्रेलिया		0.39		-			-	1.07			-	0.52		1.51				1.82		3.80	-	-
बहरीन	0.78		1.19		1.68		3.56	-	2.14		2.28	-	1.77		0.94		1.17		2.40		-	-
ब्रुनेई																			1.51		-	-
कनाडा		0.47					-	-	-		-	-						0.09			-	-
चीन	8.2	21.76	7.46	18.94	14.30	31.01	24.25	19.47	29.75	11.44	25.91	18.15	12.80	12.17	18.65	22.28	0.99	8.47	21.59	5.11	0.29	0.55
मिस्र	2.25				3.82		7.02	-	11.55	0.84	7.43	0.68	2.63		0.92	0.18	0.47	0.44	1.93	0.44	6.09	0.61
एस्टोनिया							-	-			0.16	-	0.09								-	-
फ़िनलैंड					1.02		1.51	-	2.08		1.52	-	7.69		1.41	0.33			5.45		0.99	-
जॉर्जिया											2.00	-	1.98				0.44		1.24		2.11	-
इंडोनेशिया					0.33		6.12	-	6.59		2.33	-	1.34		2.16		0.97		6.14		-	-
ईरान	14.56		20.36		13.11						-	-										
इज़राइल							-	-	-		-	-		0.44							-	-
जॉर्डन		1.08		2.27		3.20	-	3.02	-	2.19	-	2.07		1.65		1.74		2.39		1.72	-	0.62
कुवैत	2.19		1.14		0.41						-	-										
लातविया					0.52		1.15	-			1.06	-									-	-
लीबिया											0.47	-							0.42		-	-
नाइजीरिया					0.31						1.69	-	1.39				2.83		4.48		2.44	-
मलेशिया							0.91	-	0.88		1.75	ff-	1.59		1.42		1.91		3.50		0.60	-
मेक्सिको											-	0.61									-	-

मोरक्को		1.62		0.54		6.47	-	1.08	-	14.51	-	11.60		17.47		11.13		10.74		17.56	-	1.50
ओमान	22.91		25.13		25.68		27.59	-	21.46		15.88	-	19.60		19.53		26.13		16.98		2.57	-
पाकिस्तान			0.96								-	-										
कतर			0.42		1.96		2.83	-	0.93		3.87	-	5.02		1.70		3.70		8.42		0.81	-
रूस	1.11	1.6	0.52	1.45	1.98	1.18	1.44	1.48	0.94	2.84	2.80	1.96	6.26	9.24	15.73	3.41	9.23	2.69	15.97	7.55	4.20	-
सऊदी-अरब		11.9	0.70	13.18	2.69	22.02	1.98	22.08	1.95	16.18	4.92	18.59	4.61	21.22	2.36	16.29	5.38	19.05	5.27	24.63	1.08	2.63
सेनेगल																				0.06	-	-
दक्षिण							-	-	-		-	-									-	0.15
तुर्की									-	0.37	-	-								0.41	0.36	-
ट्यूनीशिया											-	0.44		0.85							-	-
संयुक्त अरब	0.52		1.33	0.31	3.97		6.72	-	8.22		7.95	-	4.16		5.08		3.25		3.04		-	-
यूक्रेन	1.84		0.54				4.24	-	10.39		5.89	-										
अमेरीका		5.03		5.48		2.14	-	0.50	-	0.45	-	-	0.49	1.28		0.31				0.40	-	0.60
वियतनाम							0.43	-	0.96		1.73	-	1.31		0.17				2.99		1.09	-
कुल योग:	54.81	43.85	59.75	42.17	74.81	66.02	91.23	48.70	98.28	48.82	91.36	54.62	75.80	65.83	70.42	55.67	56.47	45.69	103.50	61.94	25.08	7.11